आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 08.04.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारत ने अमरीका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया। कहा – इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति आएगी।
- टिहरी झील में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू। देशभर की 19 टीमों के 400 से अधिक महिला और पुरुष खिलाड़ी ले रहे भाग।
- चारधाम यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियां तेज। एनडीएमए और यूएसडीएमए ने देहरादून में की टेबल टॉप एक्सरसाइज।
- पौड़ी गढ़वाल में पशु सखी योजना से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही महिलाएं, घर–घर मिल रही पशु स्वास्थ्य सेवाएं।

**संघर्ष विराम**

भारत ने अमरीका और ईरान के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में विश्वास व्यक्त किया कि इससे पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी और होर्मुज जल–डमरू–मध्य से निर्बाध नौवहन और वैश्विक व्यापार जारी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने मौजूदा संघर्ष को जल्द समाप्त करने के लिए निरंतर तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। मंत्रालय ने कहा कि इस संघर्ष से लोगों को परेशानी हुई है और इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क बाधित हुआ है।

**वॉटर स्पोर्ट्स**

टिहरी झील में आज से 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू हो गई है। कोटी कॉलोनी स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता बारह अप्रैल तक चलेगी। प्रतियोगिता में देशभर की 19 टीमों के 400 से अधिक महिला और पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जो कैनोइंग, रोइंग और कयाकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स जैसे खेलों में दक्षता कई बार जीवन रक्षक साबित होती है और आपात परिस्थितियों में लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन राज्य के विकास, पर्यटन संवर्धन और खेल प्रतिभाओं के उन्नयन में सहायक सिद्ध होंगे।

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के एडीजी, मुख्यालय, संजय गुंज्याल ने कहा कि टिहरी में इस प्रकार की प्रतियोगिता पहली बार आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि इसमें कई ऐसे खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## पूर्णागिरि मेला

चम्पावत जिले के टनकपुर में आयोजित मां पूर्णागिरि मेले में इन दिनों हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि 27 फरवरी से शुरू हुए मां पूर्णागिरी मेले में अब तक लगभग 10 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने व्यापक बंदोबस्त किए हैं।

## टेबल टॉप एक्सरसाइज

आगामी चारधाम यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं और आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– एनडीएमए और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– यूएसडीएमए के तत्वावधान में आज देहरादून में टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की गई। बैठक में यात्रा मार्गों पर संभावित आपदाओं से निपटने की रणनीति, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और 10 अप्रैल को प्रस्तावित व्यापक मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चारधाम यात्रा के सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन के लिए संसाधनों व जोखिमों का सटीक आकलन बेहद जरूरी है। इस दौरान सभी सेक्टर कमांडरों को अपने–अपने क्षेत्रों में हितधारकों की सूची तैयार करने, उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आकस्मिक योजना बनाने और आपात स्थिति के लिए पूरा इंसीडेंट एक्शन प्लान तैयार रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ड्रोन सर्वेक्षण और हेली सेवाओं के लिए पूर्व अनुमति व समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया।

## पशु सखी

पौड़ी गढ़वाल में ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित "पशु सखी" पहल एक सफल मॉडल के रूप में उभर रही है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से प्रशिक्षित कर पशु सखी के रूप में तैयार किया गया है। इन महिलाओं को सात दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण और 15 दिवसीय ए–हेल्प प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त पशु सखियां अब ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, टैगिंग, बीमा और देखभाल जैसी सेवाएं घर–घर जाकर उपलब्ध करा रही हैं। इससे पशुपालकों को छोटी–छोटी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा पशुओं का समय पर उपचार सुनिश्चित हो पा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि जिले में 31 महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 27 पशु सखियां वर्तमान में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। आर्थिक दृष्टि से भी यह पहल महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। प्रत्येक पशु सखी को ग्रामोत्थान परियोजना

के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टैगिंग, बीमा और टीकाकरण जैसे कार्यों पर प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पशु सखियों को आवश्यक उपकरणों से युक्त "पशु सखी किट" और स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके माध्यम से वे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिपोर्टिंग, सूचनाओं का आदान–प्रदान और तकनीकी परामर्श भी प्राप्त कर रही हैं

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण श्रोता अनुसंधान परिषद को निर्देश दिया है कि वह अगले चार सप्ताह तक समाचार टीवी चैनलों के टेलीविजन रेटिंग अंकों को प्रकाशित न करें। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कुछ समाचार चैनलों द्वारा आवांछित सनसनी प्रदर्शन और काल्पनिक समाचारों पर रोक लगाने के लिए किया गया है।